प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2026 15:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई क्षेत्रों में लगातार संघर्ष जारी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप दो प्रमुख राजनयिक शक्तियां अपने संबंधों के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की मौजूदगी में आज नई दिल्ली में दोनों देशों के बीच पर्यावरण सहयोग, गतिशीलता साझेदारी और सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

राज्यसभा नामांकन

कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने आज प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के लिए नामांकन दाखिल कर लिया है। आज सुबह ही पार्टी हाईकमान ने अनुराग शर्मा के नाम पर मोहर लगाते हुए उन्हें राज्यसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया। वे इस समय कांग्रेस पार्टी के कांगड़ा जिला अध्यक्ष के पद पर तैनात है और पिछले कई वर्षों से पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते आए हैं। देश के 10 राज्यों में राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है और नामांकन का समय अब से कुछ देर पहले तीन बजे पूरा हो चुका है। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और 9 मार्च को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि है। यदि जरूरी हुआ तो मतदान 16 मार्च को होगा। विपक्षी दल भाजपा की ओर से इस चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी नहीं उतारा गया है, जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा का राज्यसभा के लिए चुना जाना तय माना जा रहा है। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

डिजास्टर एक्ट

राज्य सरकार ने प्रदेश में जारी डिजास्टर एक्ट को हटा दिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले वर्ष 8 अक्तूबर को डिजास्टर एक्ट लागू किया था, जिसके चलते पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को भी टाल दिया गया था। राज्य सरकार ने प्रदेश के अधिकांश भागों में कनैक्टिविटी बहाल होने के बाद डिजास्टर एक्ट को हटाने का निर्णय लिया है। ऐसे में प्रदेश में अब पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने का रास्ता भी साफ हो गया है।

चंबा डीसी

उधर चंबा जिले में पंचायती राज चुनावों को लेकर जिले के 18 जिला परिषद वार्डों की परिसीमन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें कई पंचायतों के लोगों ने आपत्तियां दर्ज करवाई थी, जिनपर फैसला लेकर अंतिम आदेश जारी कर दिए गए हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले के 18 जिला परिषद वार्डों की जनसंख्या चार लाख 79 हज़ार 2 सौ 50 है। उन्होंने बताया कि पंचायत समितियों व पंचायतों का परिसीमन पहले ही कर दिया गया है और 31 मार्च तक आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाएगा।

ट्रैकिंग

कांगड़ा जिला प्रशासन ने जिले के ट्रैकिंग स्थलों पर दिन के समय ट्रैकिंग करने की अनुमती दे दी है। पिछले वर्ष दिसंबर के महीने से भारी बर्फबारी को देखते हुए ट्रैकिंग पर रोक लगाई गई थी। कांगड़ा की अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने बताया कि जिले के सभी स्थानों पर अब मौसम साफ हो गया है और बर्फ पिघल चुकी है, ऐसे में प्रशासन ने ट्रैकिंग गतिविधियां फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है लेकिन सुरक्षा के दृष्टिगत रात के समय ट्रैकिंग पर प्रतिबंध जारी रहेगा।